# खाने में जहर मिलाकर दुल्हन फरार, परिवार के छह लोग गंभीर

## पड़ोस में रहने वाले परिजनों ने परिवार के आधा दर्जन लोगों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**बूंदी** (निसं)। जिले के दबलाना थाना क्षेत्र के रुणीजा पंचायत के धारधड़ी गांव में दुल्हन द्वारा परिवार के लोगों को खाने में जहर देकर फरार होने का मामला सामने आया है। इसके बाद पड़ोस में रहने वाले परिजनों ने परिवार के आधा दर्जन लोगों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां सभी का इलाज जारी है। वहीं बूंदी पुलिस द्वारा दबलाना थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है।



फरार दुल्हन।

- **दुल्हन घर से क्या लेकर फरार हुई, इसका पता परिजनों के होश में आने के बाद ही चल सकेगा**


रुणिजा के पूर्व सरपंच कैलाश गुर्जर ने बताया कि शुक्रवार सुबह जब घर के बाहर दरवाजे की कुंडी लगी हुई दिखी और परिवार के लोग देर तक भी नहीं उठे तो पड़ोस में रहने वाले परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो परिवार के सभी लोग बेसुध पड़े हुए थे जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। वहीं मौके से 15 दिन पूर्व नाते आई दुल्हन मंजू गायब मिली। गुर्जर ने बताया कि दुल्हन मंजू ने रात को सभी को खाना खिलाया था जिसमें कुछ जहरीला पदार्थ मिला दिया, जिससे सभी की यह हालत हुई। मौके से मंजू के पति दुर्गा शंकर की बाइक भी गायब है, मंजू को बाइक चलानी आती है और वह बाइक लेकर ही फरार हुई है।

जिला अस्पताल चौकी कार्यरत कांस्टेबल केशव ने बताया कि शुक्रवार सुबह परिवारजन व ग्रामीण 6 लोगों को लेकर जिला अस्पताल आए जिनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। परिजनों ने बताया कि इनकी बहू ने इन्हें जहरीला पदार्थ खिला दिया और फरार हो गई। कांस्टेबल ने बताया कि दबलाना थाना क्षेत्र के धारधउड़ी निवासी मुखराज गुर्जर (24), कान्हा गुर्जर (55), दुर्गा शंकर (24), रेशमा (23), कैलाश बाई (48) वर्ष व दिवांशु (5) को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जिनका इलाज जारी है। वहीं चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत खतरे से बाहर है। दबलाना थाना पुलिस को सूचना दे दी है आगे की कार्रवाई दबलाना थाना पुलिस आकर करेगी। वहीं दुल्हन घर से क्या लेकर फरार हुई इसका भी पता परिजनों के होश में आने के बाद ही चल सकेगा।

**28 अगस्त को नाते से लाए थे दुल्हन :-** पूर्व सरपंच कैलाश गुर्जर ने बताया कि परिवार के लोग दुर्गा शंकर के लिए बूंदी जिले के जजावर के पास भीमगंज से नाते से दुल्हन मंजू को लेकर आए थे। तब से वह यही अच्छे से घर में रह रही थी।

परिजनों के अनुसार मंजू की मां दो दिन पहले मंजू से मिलने आई थी उसे समय उसने मंजू को एक सफेद पुड़िया कागज की दी थी ।परिजनों ने पुड़िया के बारे में पूछा तो उसने देवता की भभूत बताया। सम्भवतया मंजू ने वही जहरीली पदार्थ की पुड़िया खाने में मिलाकर परिजनों को जहर दिया और मौके से बाइक लेकर फरार हो गई। पूर्व सरपंच ने बताया कि जब मंजू नहीं मिली तो उसे आसपास ढूंढ़ा तो गांव के बाहर स्थित पैट्रोल पंप पर दुर्गाशंकर की बाइक खड़ी मिली जिसको मंजू लेकर फरार हुई थी।

# अज्ञात महिला की तालाब में तैरती हुई लाश मिली



मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी जुटाई।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। रायला थाना क्षेत्र स्थित हड्डी फैक्ट्री की पुलिया के पास अज्ञात महिला की तालाब में तैरती लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। रायला क्षेत्र के लाम्बिया कलां नेशनल हाईवे के नजदीक पुरानी हड्डी फैक्ट्री की पुलिया के पास अज्ञात महिला की लाश तालाब में तैरती हुई मिली। एक हाथ पर रमजान लिखा हुआ है, जिसकी सूचना मिलने पर शाहपुरा एडीशनल एसपी चंचल मिश्रा, सीओ रमेश तिवारी, रायला थाना प्रभारी बच्छराज चौधरी, एफएसएल टीम सहित मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा अज्ञात महिला के शव को कब्जे में लेकर शव की पहचान की जा रही है। पुलिस ने शव को रायला चिकित्सालय की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया है। रायला थाना पुलिस ने जांच शुरू की।

# घर के बाहर बैठे युवक को तेज रफ्तार कैंटर गाड़ी ने कुचला

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नांगल भावसिंह में गुरुवार शाम को दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां घर के बाहर बैठे एक युवक को तेज रफ्तार से आ रही कैंटर गाड़ी नें कुचल दिया जिससे युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

- **गाड़ी ने पहले ऊंट को कुचला फिर घर के बाहर बैठे युवक को कुचलता हुआ भाग गया**
- **पुलिस ने नाकाबंदी कर ततारपुर चौराहे पर कैन्टर सहित चालक को पकड़ा**

एएसआई रामवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे नांगल भावसिंह के रहने वालाा मुकेश मेघवाल अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान कांकरिया की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कैंटर गाड़ी ने उसे कुचल दिया। आसपास के लोगों ने गाड़ी का पीछा किया और घायल को उपजिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने आसपास के इलाकों में नाकाबंदी करवाकर गाड़ी चालक मोबिन उर्फ नवीन निवासी कोटकासिम को ततारपुर के पास पकड़ लिया। पुलिस ने ड्राइवर सहित गाड़ी को जब्त कर लिया। हादसे में चालक भी चोटिल हो गया जिसका कोटपूतली के बीडीएम जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने बानसूर मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

बीडीएम जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज श्रीराम सराधना ने बताया कि गुरुवार देर रात्रि कोटपूतली से बानसूर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कैंटर गाड़ी ने एक ऊंट को कुचल दिया जिसमें ऊंट की मौत हो गई उसके बाद हड़बड़ाहट में चालक ने गाड़ी को काकरिया से नांगल भावसिंह की तरफ घुमा दिया जहां उसने घर के बाहर बैठे एक युवक मुकेश मेघवाल को कुचल दिया जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके साथ ही रास्ते में आने वाले एक-दो अन्य वाहनों को भी टक्कर मार दी। जिसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी करवा कर गाड़ी को चालक सहित पकड़ लिया। घटना में चालक भी घायल हो गया जिसे पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया जहां उसका इलाज जारी है।

# महिला का मोबाइल छीनकर फरार हुए बदमाश

**अजमेर,** (कासं)। शहर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में मोबाइल लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार बदमाश झपट्टा मारकर युवती का मोबाइल छीनकर फरार हो गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत क्रिश्चियन गंज थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस के अनुसार नया गांव कोटा हाल शॉपिंग सेंटर शास्त्री नगर निवासी सुधा खींची के द्वारा थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पीड़िता ने शिकायत देकर बताया कि वह शास्त्री नगर गार्डन के सामने से जा रही थी। तभी एक बाइक सवार युवक झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीनकर भाग गया। पीड़िता ने बताया कि उसने चिल्लाया और पीछा भी किया, लेकिन आरोपी भाग निकला। पीड़ित युवती की शिकायत पर क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी के निर्देश पर मामले की जांच एएसआई कुंभाराम को दी गई है। पुलिस के द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाल रही हैं।

वहीं दरगाह थाना पुलिस के अनुसार बजाज नगर जयपुर निवासी सुहेल अली अंसारी के द्वारा थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि वह वर्तमान में एजी ऑफिस जयपुर में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। वह सीबीएसई अजमेर बोर्ड के लेखा परीक्षा के बाद दरगाह जियारत करने दरगाह ऑफिस पर पहुंचा था। दरगाह के खादिम के द्वारा उसे जियारत करवाई गई। इस बीच अस्थाना के नजदीक उसका पर्स चोरी हो गया। पर्स में उसका ऑफिस का कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और एटीएम और पेन ड्राइव थे। इसमें गोपनीय दस्तावेज भी थे। दरगाह थाना पुलिस ने पीड़ित अधिकारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## गैंगरेप के मामले में एक गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। करौली की महिला थाना पुलिस ने नाबालिग से गैंगरेप के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक की ओर से दो हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था, जिससे पुलिस पूछताछ में जुटी है। करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि महिला थाना अधिकारी सुमन कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम के सुपरविजन में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी ने बताया कि गत 10 अगस्त को एक महिला ने अपनी पुत्रवधू के साथ गैंगरेप की एफआईआर सौंपी थी। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दबिश दी गई लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से बचता रहा। आरोपी घटना के बाद से ही अपना फोन बंद कर बार-बार स्थान बदल रहा था।

# पंचतत्व में विलीन हुए भाजपा के दिग्गज नेता सुंदरलाल काका



सुन्दरलाल काका।



काका सुंदरलाल की पार्थिव देह पर जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

- **सुंदरलाल काका को नम आंखों से समर्थकों और परिजनों ने अंतिम विदाई दी**
- **सात बार विधायक और कई बार मंत्री रहे थे सुंदरलाल काका**
- **जयपुर के एसएमएस अस्पताल में काका सुंदरलाल ने अंतिम सांस ली**

**बुहाना/जयपुर,** (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुंदरलाल काका का 91 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे 5 सितंबर से जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती थे, जहां गुरुवार देर रात 2:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। लोग उन्हे काका कहकर बुलाते थे। काका के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित मंत्रियों व भाजपा नेताओं ने ट्विटर पर सवेदना व्यक्त की। इससे पहले काका के फेफड़ों में इंफेक्शन और सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें 23 अगस्त को भी एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इसके कुछ दिन बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। जयपुर में अपने घर पर 22 अगस्त को उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया था। सुंदरलाल काका की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव झुंझुनूं जिले की बुहाना तहसील के कलवा पहुंची। यहां उनके निवास पर अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव देह को रखा गया। गांव में स्थित फार्म पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान लोगों ने सुंदरलाल के पुत्र कैलाश मेघवाल को ढांढस बंधाया।

झुंझुनूं जिले के बुहाना के समीप उनके पैतृक गांव कलवा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से खाद्य मंत्री सुमित गोदारा, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र ओला, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा के अलावा कलेक्टर रामावतार मीणा तथा एसपी शरद चौधरी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने हिस्सा लिया और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद सुंदरलाल अमर रहे के नारों के साथ उनके बेटों ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुंदरलाल के अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में उनके समर्थक और स्थानीय लोगों की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री की तरफ से उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित किया है। सुंदरलाल जैसे बिरले ही राजनीतिज्ञ और सामाजिक व्यक्ति होते हैं जो ना केवल उंचाई छूते हैं बल्कि लोगों का दिल भी जीतते है। उनकी आत्मीयता अमिट है।

पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि सुंदरलाल काका ने पांच दशक से ज्यादा समय तक सिद्धांतों और सच्चाई की राजनीति की। वे दलितों की आवाज थे अपनी बात को बेबाक रखते थे। पार्टी के लिए तो क्षति है ही उनके लिए भी व्यक्तिगत क्षति है। सांसद बृजेंद्र ओला ने भी सुंदरलाल के जीवन को प्रेरणास्पद बताया। पूर्व सांसद व भाजपा की प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने भी सुंदरलाल के निधन को व्यक्तिगत क्षति बताया। इससे पहले जयपुर से लेकर कलवा गांव तक जगह-जगह पर काका सुंदरलाल को समर्थकों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके अंतिम दर्शन किए। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी, एडीएम रामरतन सौंकरिया, चिड़ावा उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी समेत कई नेता व अधिकारी उनके पैतृक गांव पहुंचे, जहां उन्होंने पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्जित कर श्रद्धांजलि दी।साथ ही परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

जानकारी के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और राजनीतिक गलियारों में काका के नाम से मशहूर सुंदरलाल काफी समय से बीमार चल रहे थे। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में काका सुंदरलाल ने अपनी अंतिम सांस ली, जिसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक जताया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अस्पताल पहुंचकर काका के अंतिम दर्शन कर उन्हें पुष्प अर्पित किए। 1964 में पंचायतराज जनप्रतिनिधि के रूप में अपना राजनैतिक कॅरिअर शुरू करने वाले काका सुंदरलाल पहली बार 1972 में सूरजगढ़ विधानसभा से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इसके बाद वे 1980 में निर्दलीय, 1985 में कांग्रेस से, 1993 में निर्दलीय, 2003 में बीजेपी से चुनाव जीते। सुंदरलाल ने 2003 से लेकर 2013 तक लगातार तीन चुनाव बीजेपी की टिकट पर लड़े और जीते। लेकिन 2008 और 2013 का चुनाव उन्होंने पिलानी विधानसभा से लड़ा। सुंदरलाल को 1993 में भैरोसिंह अपने साथ हैलिकॉप्टर में बैठाकर जयपुर ले गए थे। उस समय सुंदरलाल ने निर्दलीय चुनाव जीता और भैरोसिंह शेखावत को सरकार बनाने के लिए निर्दलीयों का सहारा चाहिए था। जिसमें सुंदरलाल ने शेखावत का सहयोग किया। जिसके बाद 1998 में सरकार के अंतिम दिनों में कुछ महीनों के लिए सुंदरलाल को उर्जा और मोटर गैराज मंत्री बनाया गया। वहीं 2007 और 2015 में सुंदरलाल अनुसूचित आयोग का अध्यक्ष बनाकर सरकार ने केबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया था। सुंदरलाल भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रहे। 2013 के बाद उन्होंने कोई चुनाव नहीं लड़ा और स्वास्थ्य कारणों के चलते उन्होंने एक तरह से चुनावों को अलविदा कह दिया था। बताया जाता है कि 22 अगस्त 1933 को कलवा गांव में एक साधारण परिवार के घर जन्में सुंदरलाल ने शुरूआती दिनों में नेपाल में लकड़ी काटने का काम किया। जिसके लिए उन्हें डेढ रूपया रोजाना की दिहाड़ी मिलती है। वे भजन गाने के शौकिन थे। एक कार्यक्रम में उन्हें जब भजन की प्रस्तुति देने पर अच्छी आमदनी हुई तो वे गांव लौट आए और फिर गांव में ही रहकर भजन आदि गाते और गुजारा करते थे। 1964 में उन्होंने अपना पहला चुनाव पंचायतराज जनप्रतिनिध के रूप में लड़ा। इसके बाद मुड़कर पीछे नहीं देखा। सुंदरलाल केवल साक्षर थे। लेकिन उन्होंने 1993 और 2003 में आरएएस बाबूलाल खांडा, 2003 और 2008 में आईएएस हनुमानप्रसाद तथा 2013 में आईएएस जेपी चंदेलिया तक चुनाव के मैदान में पटखनी दी।

# जाजू ने राज्यपाल बागड़े को वनों व वन्यजीवों के संरक्षण के सुझाव दिये

## राज्यपाल भवन में मुलाकात कर 11 सूत्रीय सुझाव पत्र दिया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी एवं इंटेक भीलवाड़ा कन्वीनर बाबूलाल जाजू व इंटेक पदाधिकारी सीए दिलीप गोयल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात करते हुए वन, वन्यजीव एवं झील जलाशयों के संरक्षण के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का आग्रह किया।



पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की।

जाजू ने राज्यपाल को 11 सूत्रीय सुझाव पत्र सौंपा, जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के प्राचीन पुरातत्व महत्व के विरासत स्थलों, कुएं बावड़ियों व नदियों को संरक्षण प्रदान करने, पौधारोपण का लक्ष्य कम करते हुए बजट को वन क्षेत्रों में सुरक्षा वाल बनाकर वनों को सुरक्षित करने और प्राकृतिक जंगल विकसित करने, राजस्थान प्रदेश में वनों का प्रतिशत बढ़ाने हेतु राजस्व रिकॉर्ड में वन विभाग के नाम की 4.46 लाख हेक्टेयर भूमि को अमलदरामद करवाने, वन भूमि से अवैध खनन एवं अवैध कृषि बंद करवा हरियाली बढ़ाने हेतु पौधारोपण करवाने, पौधारोपण के भारी भरकम लक्ष्यों को कम करने एवं रिकॉर्ड बनाने के बजाय निरंतर पौधारोपण करवाने, प्रदेश में पॉलीथिन के क्रय-विक्रय व उपयोग पर रोक की सख्ती से पालना करवाने, चम्बल बनास कोठारी व बाड़ी सहित अनेक नदियों औद्योगिक व आवासीय गंदा पानी जाने से रोकने एवं अवैध बजरी खनन रोकने हेतु प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को निर्देशित करने, परिवहन विभाग द्वारा ग्रीन टेक्स के नाम से वसूल की गई राशि को ग्रीनरी बढ़ाने हेतु खर्च करने, सरिस्का व रणथंभौर राष्ट्रीय पार्क के आसपास अवैध खनन, जंगलों की कटाई व मानवीय गतिविधियां बंद करने, राज्य पक्षी गोडावण की संख्या बढ़ाने हेतु इनका प्रजनन केन्द्र विकसित करने, राष्ट्रीय पक्षी मोरों के संरक्षण हेतु वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की कड़ाई से पालना करवाने के सुझाव देते हुए इनके संबंध में आवश्यक दस्तावेज सौंपे।

राज्यपाल बागड़े ने उक्त समस्याओं के निदान हेतु जाजू को आश्वस्त करते हुए इस संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं उच्चाधिकारियों को निर्देशित करने का विश्वास दिलाया। जाजू एवं गोयल ने राज्यपाल बागड़े का खादी की माला, शाल, अमृतादेवी विश्नोई की तस्वीर व पौधा लगा गमला भेंट कर स्वागत किया।

## जेवर व नगदी चोरी

**अजमेर,** (कासं)। अलवर गेट थाना क्षेत्र में आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल के घर चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने करीब दो घंटे के अंदर घर से सोने-चांदी के जेवर और नगदी सहित डॉक्यूमेंट चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित महिला कॉन्स्टेबल ने अलवर गेट थाने में मामले की शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार फ्रेजर रोड निवासी आरपीएफ की महिला कॉन्स्टेबल रिया चौधरी ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया है।

# बिजली गिरने से मकान ढहा

**डूंगरपुर,** (निसं)। गडाकोकल ग्राम पंचायत के अंदर राजस्व गांव गडाकोकल में गंगाराम आमलिया के मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिरने से लाखों का नुकसान हुआ है।

- **सवा लाख का नुकसान का अंदेशा**

ग्राम पंचायत मुखिया सरपंच दिनेश आमलिया को प्रार्थी ने फोन पर सूचना दी। जिस पर सरपंच ने राजस्व अधिकारी पटवारी को सूचना दी। पटवारी मौके पर पहुंचे पटवारी ने मकान की हालत को देखकर मौका पर्चा बनाया। मौके पर्चे में मकान की छत पत्थर की सीणे से ढकी हुई थी छत व दीवार पूरी तरह से ढह गई, जिसमें घरेलू सामान, अंदर रखी पानी मोटर दबने से टूट गई। कृषि उपकरण पंप, लोहे का गाडर व अन्य सामान भी घर में रखा पत्थरों के नीचे दबने से काफी नुकसान हुआ। आकाश से बिजली गिरने से बच्चों वह पत्नी हाजू आमलिया बेहोश हो गई जिसे तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपचार के बाद ठीक हुई।

# पीड़ित बालक को आर्थिक सहायता पहुंचाई

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास के निदेशक राकेश कुमार कौशिक को सोशल मीडिया से खबर मिली कि गत 19 जुलाई को नागौर जिले के एक कस्बे में 8 वर्षीय बालक के साथ पड़ौसी ने दुष्कर्म किया। बालक अभी भी स्वस्थ नहीं हुआ है और पीड़ित परिवार को कहीं से कोई सहायता नहीं मिल रही है, जबकि परिवार की आर्थिक हालत बहुत खराब होने से आर्थिक मदद की दरकार है।

कौशिक ने तुरन्त संज्ञान लेते हुए संस्था की एक्सेस टू जस्टिस टीम को परिवार के पास भेजकर बालक व परिवार की स्थिति का जायजा लेते हुए परिवार को तुरन्त सहायता पहुंचाने के लिए टीम को निर्देशित किया। टीम ने बालक के परिवार, सम्बन्धित थाने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नागौर बाल कल्याण समिति आदि की विजिट करके मामले की जानकारी ली और पीड़ित परिवार की सहायता के लिए प्रयास प्रारम्भ किए। तत्काल सहायता के लिए संस्था मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक के निर्देशन में संस्था के अतिरिक्त निदेशक अनुराग सक्सेना एवं लेखाधिकारी नेमीचन्द वैष्णव व अतिरिक्त निदेशक तरूण शर्मा ने उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति व जिला समन्वयक गरिमा सिंह को 10 हजार का चैक व एक माह की राशन सामग्री देकर नागौर जिले के लिए रवाना किया है। श्रेया शर्मा ने मामले में रिपोर्टिंग की है।

उपनिदेशक नानूलाल प्रजापति ने बताया कि भविष्य में आवश्यकतानुसार और सहयोग जुटाया जाएगा तथा पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत भी जल्द मुआवजा दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव से सम्पर्क किया जाएगा एवं विशेष न्यायालय के विशिष्ट लोक अभियोजक व न्यायाधीश से अपील कर विधिक सहायता करते हुए मामले का शीघ्र निपटान करने एवं दुष्कर्मी को कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।